प्रादेशिक समाचार
दिनांक–26.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति ने संविधान को अंगीकार किये जाने की 75वीं वर्षगांठ पर संसद के दोनों सदनों को किया संबोधित, नागरिकों से विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में कार्य करने का किया आग्रह।

2. कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं से की मुलाकात, शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का दिया न्यौता।
3. राज्य में नयी सरकार के गठन को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज, इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच बैठकों का दौर जारी।
4. कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा का बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का दिया निर्देश। और,
5. तेलंगाना में आयोजित हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चौंपियनशिप में झारखंड ने मेजबान टीम को 11 गोल से हराया।

****************

संविधान को अंगीकार किये जाने की 75वीं वर्षगांठ आज है। सरकार ने इस अवसर पर आज से एक वर्ष तक चलने वाले समारोह की शुरूआत की है। ये समारोह 26 नवम्बर, 2025 तक देशभर में आयोजित किए जाएंगे। संविधान सभा ने 26 नवम्बर, 1949 को संविधान को अंगीकार किया था और यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। एक रिपोर्ट –

****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने समाज के सभी वर्गों विशेषकर कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए हाल के वर्षों में कई उपाय किये हैं।

राष्ट्रपति ने सभी नागरिकों से 2047 तक विकसित भारत बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अपने बुनियादी कर्तव्यों और कार्यों को निभाने के लिए अपने आचरण में संवैधानिक आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया।

****************

इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित सविधान दिवस समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय न्यायपालिका की वार्षिक रिपोर्ट भी जारी की। मौके पर उन्होंने कहा कि संविधान राष्ट्र का मार्गदर्शक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान देश की हजारों वर्षों की परंपरा की आधुनिक अभिव्यक्ति है।

****************

राज्य में नई सरकार के गठन को लेकर राजनीतिक सरगमी बढ़ गई है। मंत्रिमंडल का खाका तय करने को लेकर विचार–विमर्श का दौर जारी है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन

खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। श्री सोरेन ने उन्हें 28 नवंबर को नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। सूत्रों के अनुसार श्री सोरेन की इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ मंत्रिमंडल के स्वरुप पर चर्चा भी हुई।

****************

नयी सरकार में भागीदारी को लेकर रांची में आज कांग्रेस पार्टी की भी एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में आगामी रणनीतियों और संगठन को मजबूत बनाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में नवनिर्वाचित विधायकों के अलावा पार्टी के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत कई अन्य नेता भी शामिल हुए। बैठक के बाद प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बताया कि नये मंत्रिमंडल में कांग्रेस कोटे से चार मंत्री शामिल होंगे।

****************

इधर, राष्ट्रीय जनता दल की भी एक बैठक रांची में आयोजित की गयी। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी जय प्रकाश यादव और वरिष्ठ नेता भोला सिंह भी शामिल हुए। बैठक के बाद श्री यादव ने कहा कि मंत्रिमंडल में राजद की भागीदारी पर अंतिम फैसला पार्टी के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव लेंगे। उन्होंने कहा कि नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक होगा।

****************

इस बीच भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में झामुमो द्वारा अराजकता फैलाने का आरोप लगाया है। रांची में आज पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र राय ने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद झामुमो की ओर से भाजपा समर्थकों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से ऐसी घटनाओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

****************

इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा के आरोपों को खारिज किया है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि चुनाव में पैसों के लेन–देन को लेकर भाजपा के कार्यकर्ता आपस में ही लड़ रहे हैं। इससे झामुमो का कोई लेना–देना नहीं है।

****************

कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा का बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इसके बाद खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बताया कि खूंटी सिविल सर्जन के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक स्वास्थ्य टीम का गठन कर रिम्स रांची भेजा गया है, जिससे उन्हें हर संभव स्वास्थ्य सुविधा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों के परामर्श पर एयर एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की जाएगी। गौरतलब है कि कल रात्रि में भगवान बिरसा मुंडा के परिजन मंगल मुंडा खूंटी में सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए थे।

****************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लातेहार जिले से दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है और कई हथियार भी बरामद किये हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मनिका और हेरहंज थाना क्षेत्र के सीमावर्ती सिकिद–बन्दुआ जंगल में नक्सलियों का एक दस्ता भ्रमणशील है। पुलिस ने नक्सलियों की घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरु कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली भागने लगे। इसी दौरान दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया।

****************

14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चौंपियनशिप में तेलंगाना की टीम को झारखंड टीम ने 11 गोल से पराजित कर दिया। तेलंगाना में आयोजित चौंपियनशिप में झारखंड की ओर से 11 गोल किये गये जबकि तेलंगाना एक भी गोल कर पाने में सफल नहीं हुआ। इस मैच में झारखंड की ओर से जमुना कुमारी ने अकेले पांच गोल किये और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

झारखंड की इस जीत पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, महासचिव विजय शंकर सिंह और सीइओ रजनीश कुमार सहित अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

******समाप्त*******